असिस्टेंट जनरल, मोंटफोर्ट ब्रदर्स ऑफ सेंट गेब्रियल का विद्यालय में आगमन

आज दिनांक 29 अगस्त 2017 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल में सम्माननीय ब्रदर के. एम. जोसफ, असिंस्टेट, जनरल मोंटफोर्ट ब्रदर्स ऑफ सेंट गेब्रियल और सम्माननीय ब्रदर जेम्स इक्का प्रोविंशियल सुपीरियर , दिल्ली प्रोविन्स का भावभीना स्वागत किया गया। ब्रदर के. एम. जोसफ का सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल में आगमन उनकी भारत की कार्यालयीन यात्रा का एक भाग है। ब्रदर रोम से भारत कार्यालयीन यात्रा हेतु आए हुए हैं। विद्यालय के प्राचार्य सम्माननीय ब्रदर टी. एलेक्स जी ने दोनों अतिथियों का पुष्प गुच्छ के माध्यम से स्वागत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र – छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गीत व प्रार्थना नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं । ब्रदर के. एम. जोसफ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उददेश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं होता अपितु शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना होता है। अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ –साथ उनके मानसिक, शारीरिक, संवेगनात्मक व सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिए । उन्होनें छात्रों से कहा कि सफलता प्राप्त करने की कोशिश करने से ही सफलता प्राप्ति की निश्चितता होती है। उन्होंने *छात्रों को* ***4 ड़ी*** *का सूत्र बताया ।* ***पहला डी ड्रीम (जीवन स्वप्न) दूसरा डी– डिज.ायर (स्वप्न पूरी करने की इच्छा) तीसरा – डी डिटरमिनेशन (स्वप्न पूरा करने के लिए कृत संकल्प) और चौथा डी – डिसिप्लिन (अनुशासन)*** को व्यक्त करता है। इन चारों डी का गुणा यदि कठोर परिश्रम से करें तो सफलता का मिलना निश्चित है। उन्होने विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन अर्जुन सरकार व सौम्या अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथयों के साथ विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज, कॉर्डिनेटर श्रीमति ज्योति ,सिस्टर एनलिट, सिस्टर निकिता व विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं व छात्र – छात्राओं ने सहभागिता की।